



एक नजर में



### दि ऑक्सफोर्ड स्कूल, में लगा ईपीएफओ कैम्प

**सीहोर.** दि ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल में ईपीएफओ कैम्प एवं सेमिनार का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में भविष्य निधि संगठन, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय से आए अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया. कार्यक्रम में धर्मेन्द्र शर्मा तथा विजय बिजलानी ने छात्रों एवं शिक्षकों को भविष्य निधि की महत्ता एवं इसके लाभों के बारे में जानकारी देते हुए समझाया कि ईपीएफओ योजना न केवल कार्यरत कर्मचारियों के लिए उपयोगी है, बल्कि यह युवाओं को अपने भविष्य के प्रति सजग बनाती है और बुढ़ापे में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है .संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन एवं प्राचार्या डॉ. बीना जे कुरियन ने अतिथिगण का ज्ञानवर्धक व प्रेरणादायी जानकारी देने के लिए आभार व्यक्त किया .यह सेमिनार विद्यार्थियों एवं स्टाफ के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी सिद्ध हुआ.



### करंट लगने से घायल युवक को नौकरी देने की मांग

**सीहोर.** विद्युत वितरण कंपनी की लापरवाही के कारण 11 केवी की हाईटेंशन बिजली लाईन के टूटे तारों की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हुए युवक को सरकारी नौकरी और शासन की ओर से आर्थिक मदद उपलब्ध कराई जाने की मांग ग्रामीणों के द्वारा की गई है. ग्रामीणों ने बताया कि अभिषेक पुत्र ओमप्रकाश मेवाड़ा गत दिवस रास्ते पर टूटकर नीचे गिरे बिजली के हाईटेंशन तारों की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया था .अभिषेक को बिलकिसगंज अस्पताल ले जाया गया था यहां से डाक्टर ने भोपाल रेफर कर दिया था करंट लगने से अभिषेक के हाथ का पंजा कट गया है. युवक के शरीर पर भी गंभीर चोट है चलने फिरने में भी असमर्थ है. प्रशासन को ज्ञापन देते समय ओमप्रकाश मेवाड़ा, सीताराम मेवाड़ा,कमल मेवाड़ा,विनायक मेवाड़ा,अरुण मेवाड़ा,सन्तोष विश्वकर्मा,उमेश मेवाड़ा, राहुल राजपूत, आशीष शर्मा,गुलाब मेवाड़ा,पूनम मेवाड़ा, आशीष मेवाड़ा,बलवीर मेवाड़ा,प्रेम कुर्मी,विकास मेवाड़ा,नारायण मेवाड़ा,सन्तोष मेवाड़ा,सचिन मेवाड़ा सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे.



### वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने किए महाकाल के दर्शन

**सीहोर.** शहर के संकल्प वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने उज्जैन में महाकाल के दर्शन किए. समाजसेवी अनिल राय और परिजनों ने वृद्धाश्रम के सभी बुजुर्गों को प्रदेश के प्रसिद्ध श्री महाकाल उज्जैन के लिए रवाना किया . तीन दर्जन से अधिक वृद्धजनों में वरिष्ठ गोपी वर्मा, धर्मेन्द्र राय, आयुष गुप्ता, भगवती प्रसाद शर्मा, शंकर, सुरेश, गुलाब सिंह, चंदर सिंह, राजाराम, रेनू, अलका, गीता, अशोक राय, मोनू बाई, भूपेन्द्र, कमला अम्मा, सुरज अम्मा, मालती अम्मा, मीना, कलावती अम्मा, द्रोपती, कृष्णा, आकाश राय, कमलेश राय, अजय शर्मा, तुलसीराम सहित अन्य बुजुर्ग शामिल थे.



### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय ने मनाया 38वां स्थापना दिवस

**सीहोर.** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में 38वें स्थापना दिवस का समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर और विशेष अतिथि जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने किया .काशवी व्यास द्वारा सरस्वती नृत्याराधना प्रस्तुत की गयी. प्राचार्या पूजा श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत पौधे व स्मृति चिह्न देकर किया. बच्चों द्वारा स्वागत गीत और विद्यालय गीत की अभिव्यंजना व सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी. अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा लगायी गयी विज्ञान प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया. नपाध्यक्ष श्री राठौर ने बच्चों को टापर्स को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया एवं प्राचार्य श्रीमती श्रीवास्तव को सर्वोच्च उत्कृष्ट सूचकांक के लिए ट्रॉफी प्रदान की. वरिष्ठ रसायन शास्त्र शिक्षिका श्रीमती रचना गुप्ता को भी उनके विषय की सर्वोच्च अंक सूचकांक हेतु प्रमाणपत्र व ट्रॉफी से सम्मानित किया मुख्य अतिथि ने बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में देश का नाम ऊंचा करने की अभिप्रेरणा दी. मंच संचालन का सफल दायित्व श्रीमती स्मिता भारती के मार्गदर्शन में नवीं एवं 11 वीं की छात्राओं पाखी सुमन व अंकिता राठौर ने निभाया. इस अवसर पर विद्यालय का समस्त शिक्षकवृंद उपस्थित रहा. अंत में वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती सोनिया वाजपेयी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया.

### ऑनलाइन राष्ट्रीय संगोष्ठी में दिए व्याख्यान

**शाहगंज.** शासकीय महाविद्यालय बकतरा में ऑनलाइन राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया .जिसका विषय नई शिक्षा पद्वति और कृत्रिम बुद्धिमत्ता था. प्राचार्य डॉ. अंजुम अंसारी ने नई शिक्षा नीति में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के महत्व और मुख्य लक्ष्य पर प्रकाश डाला. मुख्य वक्ता डॉ. अभिनय ठाकुर ने नई शिक्षा नीति के उद्देश्य, अनुसंधान पद्वतियों का अवलोकन, एनईपी 2025 में वैश्विक शिक्षा रूझान और विजन के बारे में पीपीटी के माध्यम को बताया. अगले चरण में द्वितीय मुख्य वक्ता डॉ. विपुल श्रीवास्तव ने शिक्षा क्षेत्र को बेहतर बनाने में एआई की भूमिका और एनईपी 2020 में एआई की मुख्य चुनौतियों के बारे में पीपीटी के माध्यम से बताया. कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रभा चौहान एवं आभार डॉ. इंदर सिंह यादव द्वारा व्यक्त किया गया.





## आरएसएस शाखा पर अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक पर मामला दर्ज

- सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप
- विश्व हिंदू परिषद ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**छतरपुर, 29 अक्टूबर. नगर में आरएसएस की शाखा पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. जानकारी के अनुसार, शहर के स्टेडियम में प्रतिदिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की शाखा लगती है, जहां संघ के स्वयंसेवक नियमित रूप से गतिविधियों में शामिल होते हैं.**

इसी बीच एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर शाखा को लेकर अभद्र टिप्पणी की गई और धमकी भरे शब्दों का इस्तेमाल किया गया. इस घटना से आरएसएस और विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों में रोष फैल गया.

> मामले की जानकारी मिलते ही विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता बुधवार दोपहर करीब 1:30 बजे सिविल लाइन थाने पहुंचे और संबंधित युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ आईपीसी की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है. फिलहाल पुलिस आरोपी की पहचान और लोकेशन की जांच कर रही है. अधिकारियों ने बताया कि सोशल मीडिया पर अभद्र या धमकी भरी पोस्ट करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

## अचानक स्कूल पहुंचे कलेक्टर



- खुद बने शिक्षक — छात्रों से पूछा सवाल
- छात्रा ने पूछा 卐आप कलेक्टर कैसे बने?

**छतरपुर, 29 अक्टूबर. छतरपुर जिले के बड़ामलहरा क्षेत्र के ग्राम वीरों की शासकीय माध्यमिक शाला में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब कलेक्टर पार्थ जैसवाल अचानक औचक निरीक्षण के लिए पहुंच गए. निरीक्षण के दौरान छात्रों की उपस्थिति कम मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और शिक्षकों को सुधार के निर्देश दिए.**

इसके बाद कलेक्टर ने खुद कुछ देर के लिए शिक्षक की भूमिका निभाई और बच्चों को पढ़ाना शुरू कर दिया. उन्होंने कक्षा 7वीं के राजाराम लोधी को गुणनखंड करना सिखाया, कक्षा 8वीं की सरोज रजक से आकाश का पर्यायवाची और ज्योति आदिवासी से अश्व का पर्यायवाची पूछा. सही उत्तर देने पर कलेक्टर ने बच्चों की सराहना की. इसी दौरान छात्रा सरोज रजक ने उत्सुकता से कलेक्टर से सवाल पूछा — आप कलेक्टर कैसे बने? इस पर कलेक्टर मुस्कुराए और बोले, कलेक्टर बनने के लिए मन लगाकर पढ़ाई करनी पड़ती है और लक्ष्य तय कर मेहनत करनी होती है.

कलेक्टर ने स्कूल में मिलने वाले मध्याह्न भोजन और गणवेश की राशि की जानकारी भी ली. इस निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, एसडीएम आयुष जैन और जनपद सीईओ ईश्वर सिंह वर्मा मौजूद रहे.

## आंदोलनकारी आदिवासियों को मिला शिवराज का साथ




नवभारत न्यूज

**सीहोर 29 अक्टूबर. जिले के समीपस्थ भैरूंदा तहसील मुख्यालय पर हजारों आदिवासियों ने अपने परिवारों के साथ ऐतिहासिक प्रदर्शन किया. प्रदेश सरकार से जंगल, जमीन और जल के अधिकारों की मांग को लेकर प्रदर्शन करने सड़कों पर उतरे हजारों आदिवासियों को पूर्व मुख्यमंत्री व केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान का साथ मिला.**

उन्होंने आदिवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश में दोनों जगह भाजपा की सरकारें हैं. मैं मुख्यमंत्री से बात करूंगा और आदिवासियों को उनका हक दिलवाऊंगा. आदिवासियों के हक और सम्मान से किसी प्रकार का समझौता नहीं होगा. गौरतलब है कि वर्षों से वन भूमि व वन विकास निगम की जमीन पर खेती करते आ रहे आदिवासियों को वन विकास निगम ने नोटिस थमाते हुए उनसे जमीन पर कब्जे संबंधित दस्तावेज मांगे हैं. इसके बाद से आदिवासियों में आक्रोश का माहौल बना हुआ है. अपने अधिकारों की रक्षा के लिए वह बुधवार को भैरूंदा की सड़कों पर उतर आए.





## लगातार बारिश और ठंडी हवाओं से तापमान में आई

- गिरावट मूंगफली और सोयाबीन की फसलों को नुकसान
- छतरपुर में बुधवार को भी छाई रही धुंध
- अगले एक हफ्ते तक ऐसा ही मौसम रहने की संभावना

**छतरपुर, 29 अक्टूबर. छतरपुर जिले में पिछले तीन दिनों से रुक-रुककर बारिश का सिलसिला जारी है. लगातार हो रही हल्की बरसात और बादलों की वजह से मौसम में ठंडक बढ़ गई है. बुधवार सुबह भी आसमान में काले बादल छाए रहे और दिनभर धुंध छाई रही. मंगलवार को तापमान में करीब 3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई.**

मौसम विभाग के अनुसार, हवा की गति करीब 14 किलोमीटर प्रति घंटा रही और रात में 50 प्रतिशत तक बारिश की संभावना बनी हुई है. मंगलवार को अधिकतम तापमान 27 और न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. दिनभर धूप न निकलने के कारण दृश्यता प्रभावित रही और वाहनों को लाइट जलाकर चलाना पड़ा.

लगातार नमी और बारिश से किसानों को परेशानी हो रही है. मूंगफली और सोयाबीन की फसलों को नुकसान पहुंचा है, वहीं बुवाई का कार्य भी प्रभावित हुआ है. अब तक जिले में 53.6 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है, जो पिछले साल की तुलना में 13 इंच अधिक है. लवकुशनगर, नौगांव, गौरिहार, बड़ामलहरा और बक्सवाहा सहित आसपास के इलाकों में भी हल्की बारिश दर्ज की गई. मौसम विभाग ने नागरिकों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनने, गर्म पेय पदार्थ लेने और जरूरत पड़ने पर ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी है.

## छतरपुर में पुलिस आरक्षक का रौब पड़ोसी को दी जान से मारने की धमकी

- सरकारी जमीन पर कब्जे का विवाद
- पीड़ितों ने एसपी को दिया आवेदन

**छतरपुर, 29 अक्टूबर. छतरपुर जिले के राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम देवकुलिया में सरकारी जमीन पर खेती को लेकर दो पक्षों के बीच गंभीर विवाद सामने आया है. बताया गया है कि यह विवाद तब बढ़ गया जब एक पक्ष से जुड़ा पुलिस विभाग में पदस्थ आरक्षक ने अपने पड़ोसी को जान से मारने की धमकी दे डाली.**



प्रार्थी भागचंद्र पटेल, कमलेश पटेल और महेंद्र पटेल ने बुधवार दोपहर करीब 12:30 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आवेदन सौंपा. उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ दबंग लोग सरकारी जमीन पर जबरन कब्जा करना चाहते हैं और विरोध करने पर उन्हें धमकाया जा रहा है. आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया कि विवादित भूमि पर खेती का अधिकार पुराने रिकॉर्ड के अनुसार उनका है, लेकिन विरोधी पक्ष जबरन खेती करना चाहता है.

> पीड़ितों ने मांग की है कि पुलिस इस मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे. वहीं, स्थानीय ग्रामीणों में भी इस घटना को लेकर आक्रोश देखा जा रहा है. पुलिस प्रशासन ने आवेदन प्राप्त कर जांच प्रारंभ करने की बात कही है.

## सांकेतिक धरना देकर नागरिकों ने मांगा सर्विस रोड

नवभारत न्यूज

**सीहोर 29 अक्टूबर. ब्रिज कार्पोरेशन और रेल्वे विभाग द्वारा हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी रेल्वे क्रासिंग पर रेल्वे ओवर ब्रिज अनियमितताओं को लेकर विवादों में है. बुधवार को अनेक कॉलोनी के वरिष्ठ लोगों ने ओवर ब्रिज के पास सांकेतिक धरना देकर ज्ञापन सौंपा.**

ज्ञापन लेने पहुंचे तहसीलदार ने निर्माणाधीन ओवरब्रिज के दोनों तरफ सर्विस रोड को लेकर निरीक्षण किया. कालोनी के लोगों ने मांग की है कि निर्माणाधीन ब्रिज के कारण क्रासिंग से भोपाल की ओर उत्तर दिशा स्थित लगभग 5 हजार कॉलोनीवासियों का एक मात्र पहुंच मार्ग बंद हो गया है। विभाग द्वारा पूर्व से कोई प्लानिंग नहीं की गई है, तथा एक स्तर हीन एवं अमानक पहुंच मार्ग बनाया गया जिससे आए दिन दुर्घटनाये हो रही हैं. ब्रिज के दोनों तरफ सर्विस रोड निर्माण किया जाए.

समिति के घनश्याम गुप्ता एवं मनोज गुजराती ने बताया कि प्रभावित कॉलोनियों के सुगम एवं सुरक्षित आवागमन हेतु, उक्त स्वीकृत राशि से सर्विस रोड का निर्माण होना है.

## बृजधाम बने कुबेरेश्वर धाम में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी

**सीहोर 29 अक्टूबर. हर साल की तरह कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में बुधवार को अन्नकूट उत्सव का आयोजन किया गया. जिसमें बृजधाम की झलक दिखाई दी. मंदिर परिसर में भव्य रूप से गोवर्धन और 56 भोग से गिरिराज की झांकी के समक्ष सजाए गए थे. दर्शन के बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसाद बांटा गया, हजारों की तादाद में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे थे.**

महा प्रसादी में 56 प्रकार के भोग लगाए गए. इस मौके पर सुबह अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में यहां पर विठलेश सेवा समिति के तत्वाधान में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क रूप से भोजन प्रसादी की व्यवस्था की थी. शिव महापुराण के पश्चात मंदिर परिसर में अन्नकूट की झांकी सजाई. यहां पर डेढ़ लाख श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया.

परम्परानुसार सुबह कथा वाचक भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा सहित विठलेश सेवा समिति के पदाधिकारियों की मौजूदगी में मंदिर परिसर के विशाल हाल में अन्नकूट दर्शन का आयोजन किया गया. उसके बाद गौ माता एवं गोवर्धन नाथ की आरती के पश्चात बाबा गोवर्धन नाथ जी एवं कुबेरेश्वर महादेव का प्रसादी का वितरण किया गया.

समस्याएं — शहरवासियों को झेलना पड़ा जाम का सामना

## छतरपुर में यातायात विभाग की खुली पोल

- छत्रसाल चौक पर 30 मिनट तक लगा जाम
- कोतवाली पुलिस ने खुलवाया रास्ता



**छतरपुर, 29 अक्टूबर. छतरपुर नगर में यातायात व्यवस्था की लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई, जब शहर के सबसे व्यस्त छत्रसाल चौक पर करीब 30 मिनट तक जाम लगा रहा. शहर में यातायात विभाग द्वारा मुख्य चौराहों पर ट्रैफिक बल तैनात किया गया है, लेकिन कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति न रहने से जाम की स्थिति अक्सर बन जाती है.**

बीते दिन भी छत्रसाल चौक पर वाहन रेंगते नजर आए, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. स्कूल बसों, दोपहिया और चारपहिया वाहनों की लंबी कतारें लग गईं. सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैफिक को नियंत्रित कर जाम खुलवाया.

स्थानीय नागरिकों ने यातायात विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि तैनात ट्रैफिक बल समय पर ड्यूटी पर रहे तो ऐसी स्थिति बार-बार न बने. वहीं, नागरिकों ने प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की है ताकि शहर के मुख्य चौराहों पर सुचारू यातायात व्यवस्था बनाई जा सके.